भारतीय डाक विभाग, कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, झाँसी मण्डल, झाँसी - 284001

विज्ञप्ति

भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा / ग्रामीण डाक जीवन बीमा व्यवसाय हेतु डायरेक्ट एजेन्ट / फील्ड ऑफिसर बनने का सुनहरा अवसर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भारतीय डाक विभाग, झाँसी मण्डल में डाक जीवन बीमा । ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए डायरेक्ट एजेन्ट / फील्ड ऑफिसर के चयन हेतु दिनांक 06.11.2024 सुबह 11:00 बजे प्रवेश साक्षात्कार (Walk-in-interview) की तिथि निर्धारित की गयी है।

"Direct Agent" बनने हेतु जरूरी शर्ते	"Field Officer" बनने हेतु जरूरी शर्ते
1- **आयु** - आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिये । 2- **शैक्षिक योग्यता** - हाईस्कूल (10वीं) या समकक्ष होनी चाहिये । 3- **श्रेणी** - बेरोजगार / स्वरोजगार युवा, पूर्व जीवन बीमा सलाहकार, एक्स सर्विसमैन, आँगन बाड़ी वर्कर, महिला मण्डल वर्कर, रिटायर्ड स्कूल अध्यापक, स्वयम सहायता समूह (SHGs), ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सदस्य इत्यादि ।	1- **आयु** - आयु अधिकतम 65 वर्ष । 2- **योग्यता** - केंद्र सरकार / राज्य सरकार से सेवानिर्वत्त कोई भी कर्मचारी / अधिकारी (ग्रुप ए व् ग्रुप बी सहित) । 3- **श्रेणी** - इच्छुक सेवानिर्वत्त कर्मचारी / अधिकारी के विरुद्ध कोई विभागीय । अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं होना चाहिये ।

सिक्योरटी - 5,000/- रुपये की रकम सिक्योरटी के रूप में चयनित अभ्यर्थी को जमा करवानी होगी । यह सिक्योरटी रकम एन.एस.सी. / के.वी.पी. के रूप में जमा करवाई जा सकती है। "Direct Agent" / "Field Officer" का लाइसेन्स समाप्त / निलंबन होने पर या मृत्यु होने पर सिक्योरटी रकम इस शर्त पर वापिस की जायेगी कि किसी भी प्रकार का बकाया डायरेक्ट एजेन्ट / फील्ड ऑफिसर की तरफ ना हो।

इन्सेन्टिव - विभाग द्वारा तय दरों पर "Direct Agent" / "Field Officer" को पी.एल.आई. / आर.पी.एल.आई. व्यवसाय के अनुसार समय समय पर निर्धारित प्रोत्साहन राशी (Incentive) भुगतान किया जायेगा।

साक्षात्कार का स्थान कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, 81 सिविल लाइन, झाँसी (उत्तर प्रदेश) - 284001

नोट :- "Direct Agent" हेतु जनपद झाँसी, ललितपुर एवं जालौन के युवाओं तथा "Field Officer" हेतु केंद्र सरकार । राज्य सरकार से सेवानिर्वत्त कर्मचारी / अधिकारी को प्राथमिकता दी जायेगी ।

साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपना Bio-Data, आधार कार्ड, पैन कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र तथा अनुभव प्रमाण पत्र यदि कोई हो, साथ लाये।

अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 0510 2471261 कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, झाँसी मण्डल, 81 सिविल लाइन्स, झाँसी 284001 अथवा विकास अधिकारी (पी.एल.आई.) श्री रवि साहू से मोबाइल संख्या - 7895158031 पर संपर्क कर सकते है।

पत्रांक :- पी.एल.आई./आर.पी.एल.आई./ डी.ए. & एफ.ओ. /2024-25 झाँसी दिनांक 10.10.2024

प्रवर अधीक्षक डाकघर
झाँसी मण्डल, झाँसी - 284001